राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संकल्प लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

देवबंद। राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने, जल संचयन और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की शपथ ली।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांति किया। प्राचार्य डा. विपिन गिरि ने छात्रों को अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अच्छे चयनित क्लब को 31 अक्तूबर को पुरस्कृत किया जाएगा। डा. एम.पी. सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए इसे एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान से जोड़ा। डा. धीर सिंह और नितिन कुमार ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

डा. अरविंद कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश अरुणाचल और मेघालय के साथ संसर्ग किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता डा. लता शर्मा ने भी विचार रखे।

एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान की जानकारी देते शिक्षक। संवाद

छात्रा सम्मानित

देवबंद। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को कार्यक्रम में बीए में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा काजल को कॉलेज प्रशासन द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. गौरव बालियान ने छात्रा काजल को पुरस्कृत करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, काजल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में राजकुमार जाटव, मास्टर यशपाल, वेद प्रकाश, महेंद्र कुमार, चंद्रप्रकाश, राजेंद्र पाल, सतीश कुमार, करणपाल, जयनंद आदि रहे।